राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान

पाठ 7 : संदर्भ स्रोत

वर्कशीट - 7

1. क्या आपको लगता है कि ग्रंथालय में एक अलग संदर्भ अनुभाग होना चाहिए? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिए।

2. एक शब्दकोश लीजिए और उसमें निम्नलिखित शब्दों का अर्थ ढूँढिए। आप इसके लिए कौन-सा शब्दकोश लेना चाहेंगे, और क्यों?

   क) एंटॉनिम (विलोम शब्द)

   ख) एटमॉलौजी (व्युत्पति)

   ग) कॉम्प्रेहेंसिव (विस्तृत)

   घ) थेमॅटिक (विषयोंमुखी)

   ङ) ऑरगनाइजेशन (संस्थान)

3. क्या आपने द्विभाषी तथा बहुभाषी शब्दकोश देखे हैं? यदि नहीं तो किसी ग्रंथालय में जाइए या इंटरनेट पर जाकर दोनों प्रकार के शब्दकोशों में अंतर तलाशिए और प्रस्तुत कीजिए।

4. www.shabdkosh.com पर जाइए और अपनी पसंद के किसी भी अध्याय में से कुछ पंक्तियों का अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद कीजिए। पता कीजिए कि अन्य कौन-सी वेबसाइट निःशुल्क अनुवाद की सेवा प्रदान करती हैं? उसके बारे में लिखिए।

5. सामान्य विश्वकोश (जनरल एन्साइक्लोपीडिया) से हमें किस प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है? क्या यह शब्दकोश से अलग होती है? ऐसे पाँच बिंदु लिखिए जो इसे शब्दकोश से अलग बनाते हैं।

6. http://www.mhprofessionals.com पर जाइए और पता लगाइए कि 'मेकग्रा हिल कन्साइस एन्साइक्लोपीडिया ऑफ साइंस एंड टेक्नॉलोजी' के कितने खंड हैं? यह भी पता लगाएँ कि इस एन्साइक्लोपीडिया का संपादक कौन है?

7. क्या आप जानते हैं कि 'हैंडबुक' क्या होती है? दैनिक जीवन में इनका प्रयोग कहाँ किया जाता है? crcpress.com की वेबसाइट पर जाइए और पता लगाइए कि वहाँ कितने प्रकार की हैंडबुक हैं? कोई पाँच लिखिए।

8. "NATMO" कोलकाता की वेबसाइट पर जाइए और 'भारत राष्ट्रीय एटलस' के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए। इसके अंतर्गत आने वाले पाँच सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र कौन-से हैं?

9. www.incredibleindia.org की वेबसाइट पर जाइए। क्या आप जानते हैं कि गाइडबुक क्या होती हैं? क्या आपने गाइडबुक का प्रयोग किया है और क्या आपको यह उपयोगी प्रतीत हुई है? ऐसे

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान

पाठ 7 : संदर्भ स्रोत

वर्कशीट - 7

दस स्थानों की सूची बनाइए जहाँ आप जाना चाहते हैं और इन स्थानों के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए।

10. जीवनियाँ क्या होती हैं? क्या आत्मकथा और जीवनी में कुछ अंतर होता है? भारत के अद्यतन 'हू इज़ हू' से पता लगाइए कि भारत में शिक्षा क्षेत्र में कितनी जीवनियाँ हैं?